भारत और अर्जेंटीना के बीच सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

प्रिलिम्स के लिये:

सामाजिक सुरक्षा समझौता, अर्जेंटीना

मेन्स के लिये:

भारत-अर्जेंटीना संबंध

स्रोत: द हिंदू

चर्चा में क्यों?

भारत और अर्जेंटीना ने हाल ही में एक **'सामाजिक सुरक्षा समझौते** (Social Security Agreement- SSA)' पर हस्ताक्षर किये हैं जिसका उद्देश्य दोनों देशों में **पेशेवरों के विधिक अधिकारों की सुरक्षा** करना है। इस समझौते से **दोनों देशों के पेशेवरों के लिये जोखिम मुक्त अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता** मिलना अपेक्षित है।

सामाजिक सुरक्षा समझौता:

- **परिचय:**
  - यह **दोनों देशों में श्रमिकों और पेशेवरों के अधिकारों तथा सामाजिक लाभ की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।**
- **आवश्यकता:**
  - अर्जेंटीना में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों और भारत में रोज़गार की इच्छा रखने वाले अर्जेंटीना के नागरिकों की बढ़ती संख्या इस कानूनी ढाँचे की आवश्यकता का प्रमुख आधार है।
- **प्रमुख बिंदु:**
  - SSA **भारत और अर्जेंटीना दोनों में सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित कानून पर लागू होता है**, जिसमें वृद्धावस्था, उत्तरजीवियों के लिये पेंशन तथा **नियोजित व्यक्तियों के लिये पूर्ण विकलांगता पेंशन** शामिल है।
  - यह समझौता अस्थायी आधार पर दूसरे देश में काम करने वाले कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न **अधिकार और लाभ प्रदान करता है**।
    - इन लाभों में **सेवानिवृत्ति या पेंशन के लिये नकद भत्ते**, किराया, सब्सिडी, या एकमुश्त भुगतान, सभी स्थानीय कानून के अनुसार, बिना किसी कटौती, संशोधन, निलंबन, दमन या प्रतिधारण के शामिल हैं।
  - SSA **बीमा अवधि** को विनियमित करने के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है, जिसमें योगदान, अंशदायी लाभ तथा दूसरे देश में काम करने वाले कामगारों के लिये उनके निर्यात के साथ जमा की गई सेवाओं की अवधि शामिल है।
    - इस ढाँचे में एयरलाइंस और जहाज़ों के चालक दल के सदस्य भी शामिल हैं।
  - यह समझौता **अर्जेंटीना में सामाजिक सुरक्षा प्रणाली** के अंशदायी लाभों से संबंधित कानून का उल्लेख करता है।
  - यह समझौता दोनों देशों में सामाजिक सुरक्षा के लिये किये गए लाभ या योगदान के नुकसान के खिलाफ पेशेवरों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा तथा इस प्रकार **पेशेवरों एवं श्रम बल को अधिक से अधिक गतिविधि करने की सुविधा प्रदान** करेगा।

भारत-अर्जेंटीना संबंध:

- **राजनीतिक संबंध:**
  - फरवरी 2019 में **भारत-अर्जेंटीना संबंधों को रणनीतिक साझेदारी** के स्तर तक विस्तारित कर दिया गया।
  - भारत ने वर्ष 1943 में ब्यूनस आयरस में एक व्यापार आयोग की शुरुआत की, जिसे बाद में वर्ष 1949 में दक्षिण अमेरिका में भारत के पहले दूतावासों में से एक में बदल दिया गया।
  - अर्जेंटीना ने वर्ष 1920 के दशक में कलकत्ता में एक वाणिज्य दूतावास की स्थापना की थी, जिसे वर्ष 1950 में दूतावास के रूप में दिल्ली में

स्थानांतरति कर दयिा गया था।

- **आर्थकि संबंध:**
    - भारत **अर्जेंटीना का चौथा सबसे बड़ा व्यापारकि भागीदार है,** जसिका द्वपिक्षीय व्यापार वर्ष **2022 में 6.4 बलियिन अमेरकिी डॉलर** के ऐतहिासकि स्तर तक पहुँच गया, जसिमें वर्ष 2021 की तुलना में 12% की वृद्धदिर्ज़ की गई।
    - अर्जेंटीना को भारत से नर्यात की प्रमुख वस्तुओं में पेट्रोलयिम तेल, कृषरिसायन,**यार्न-कपड़े से बने उत्पाद, कार्बनकि रसायन, थोक दवाएँ और दोपहयिा वाहन शामलि हैं।**
    - अर्जेंटीना से भारत के आयात की प्रमुख वस्तुओं में**वनस्पतति तेल (सोयाबीन एवं सूरजमुखी), चमड़ा, अनाज, अवशष्टि रसायन और संबद्ध उत्पाद तथा दालें शामलि हैं।**
- **सांस्कृतकि संबंध:**
- भारत और अर्जेंटीना के बीच ऐतहिासकि, साहत्यिकि एवं सांस्कृतकि संबंध भी हैं, जैसे **वर्ष 1924 में** रवींद्रनाथ टैगोर **की अर्जेंटीना यात्रा** तथा वर्ष 1968 में वशि्व भारती वशि्ववद्यािलय द्वारा वक्टिोरयिा ओकाम्पो को '**मानद डॉक्टरेट**' का पुरस्कार देना।
- **आतंकवाद से बचाव (Counter-Terrorism):**
    - भारत और अर्जेंटीना **ने आतंकवाद से लड़ने के लयि एक अलग संयुक्त घोषणा पत्र** जारी कयिा।
    - अर्जेंटीना ने **जम्मू-कश्मीर के** पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले की **कड़े शब्दों** में नदिा की।
    - दोनों देशों ने **आतंकवाद** के सभी रूपों और अभवि्यक्तयिों से लड़ने की अपनी **प्रतबिद्धता** दोहराई तथा आह्वान कयिा कि किसिी भी देश को अपने क्षेत्र का इस्तेमाल दूसरे देशों पर आतंकवादी हमले करने के लयि नहीं करने देना चाहयि।

अर्जेंटीना:

- **राजधानी**: ब्यूनस आयर्स।
- **राजभाषा**: स्पेनशि।
- अर्जेंटीना क्षेत्रफल की दृष्टि से **वशि्व का आठवाँ सबसे बड़ा देश है।**
    - यह देश **दक्षणि एवं पश्चमि में चलिी, उत्तर में बोलीवयिा एवं पैराग्वे और पूर्व में ब्राज़ील, उरुग्वे तथा** अटलांटकि महासागर से घरिा है।
- एंडीज़ पर्वत श्रेणी का सबसे ऊँचा पर्वत **सेरो एकांकागुआ** है।
- अर्जेंटीना संसाधनों से समृद्ध है, इसके पास सुशक्षिति कार्यबल है और **यह दक्षणि अमेरकिा की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।**
- **देश को चार क्षेत्रों में वभिाजति कयिा गया है: एंडीज़,** उत्तर, पम्पास और पेटागोनयिा। पम्पास कृषप्रिधान क्षेत्र है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-and-argentina-signs-social-security-agreement